Company Secretary

Place : Kolkata Date: 23.10.2021

Business Standard
DELHI EDITION

Printed and Published by Nandan Singh Rawat on behalf of Business Standard Private Limited and printed at The Indian Express (P) Ltd. A-8, Sector-7, Noida, Gautam Budh Nagar-201301 and published at Nehru House, 4 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi 110002

Editor : Shailesh Dobhal

RNI NO. 57376/1994

Readers should write their feedback at **feedback@bsmail.in**
Ph. 011-23720202, Fax :+91-11-23720201

For Subscription and Circulation enquiries please contact:
Ms. Mansi Singh
Head-Customer Relations
Business Standard Private Limited.
H/4 & I/3, Building H,Paragon Centre, Opp. Birla Centurion, P.B.Marg, Worli, Mumbai - 400013
E-mail: subs_bs@bsmail.in
"or **sms**, REACHBS TO 57575

DISCLAIMER News reports and feature articles in Business Standard seek to present an unbiased picture of developments in the markets, the corporate world and the government. Actual developments can turn out to be different owing to circumstances beyond Business Standard's control and knowledge. Business Standard does not take any responsibility for investment or business decisions taken by readers on the basis of reports and articles published in the newspaper. Readers are expected to form their own judgement.
Business Standard does not associate itself with or stand by the contents of any of the advertisements accepted in good faith and published by it. Any claim related to the advertisements should be directed to the advertisers concerned.
Unless explicitly stated otherwise, all rights reserved by M/s Business Standard Pvt. Ltd. Any printing, publication, reproduction, transmission or redissemination of the contents, in any form or by any means, is prohibited without the prior written consent of M/s Business Standard Pvt. Ltd. Any such prohibited and unauthorised act by any person/legal entity shall invite civil and criminal liabilities.

No Air Surcharge

BS SUDOKU # 3497

			7					
	7	2	4				8	1
3	9	8	1			7		5
7			5		8			2
6		5		2	9	1	7	
	2	1	6					8
		3			4			6
	1	7		5		4		3
4			8				5	7

SOLUTION TO #3496

9	1	3	8	5	6
6	2	4	7	1	3
5	7	8	4	9	2
2	8	6	3	7	1
4	3	9	6	2	5
1	5	7	9	4	8

Very easy: ★

Solution tomorrow

HOW TO PLAY

Fill in the grid so that every row, every column and every 3x3 box contains the digits 1 to 9

VIRUS TRACKER

ACTIVE COVID CASES SHOW DOWNTREND

INDIA

Total **34,175,468** ↑15,906

Active cases	Recovered	Deaths
172,594 ↓1,134	33,548,605 ↑16,479	454,269 ↑561

Vaccination **1,022,555,326** ↑1,201,230

WORLD Total **243,497,616**
Deaths **4,946,552**

Note: Total cases include 1 migration; arrow shows 1-day change; figures as of 9 pm IST; sources: Ministry of Health and Family Welfare; CoWin.gov.in; Johns Hopkins Coronavirus Resource Center

संक्षेप में

इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में उतरेगी होंडा मोटरसाइकिल

दोपहिया क्षेत्र की प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल ऐंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) अगले वित्त वर्ष में अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की तैयारी कर रही है। एचएमएसआई के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी आत्सुशी ओगाता ने यह जानकारी दी। कंपनी देश में ऐक्टिवा और शाइन जैसे लोकप्रिय ब्रांड बेचती है। इस साल त्योहारी सीजन समाप्त होने के बाद कंपनी अपने डीलर भागीदारों से इलेक्ट्रिक स्कूटर की व्यवहार्यता के बारे में चर्चा शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि एचएमएसआई ने अपनी मूल कंपनी जापान की होंडा मोटर कंपनी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद इस खंड में उतरने का फैसला किया है। *भाषा*

इस्पात उत्पादों पर अधिभार लगाएगी जेएसडब्ल्यू स्टील!

उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की भरपाई को जेएसडब्ल्यू स्टील दीर्घावधि के मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम)के लिए अपने इस्पात उत्पादों की बिक्री पर अधिभार लगाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। *भाषा*

वित्तीय सेवा पर एमेजॉन का जोर

छोटे और मझोले शहरों सहित डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पहुंच बढ़ा रही कंपनी

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 24 अक्टूबर



- ई-पेमेंट और वित्तीय सेवा पर ध्यान दे रही एमेजॉन
- कंपनी ने एमेजॉन पे लैटर के साथ अपनी उधारी सेवाएं बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है

प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी एमेजॉन की डिजिटल भुगतान इकाई एमेजॉन पे पूरे देश में अपने ई-पेमेंट, क्रेडिट और वित्त सेवाओं का दायरा बढ़ा रही है।

कंपनी भारत के तेजी से बढ़ रहे डिजिटल भुगतान बाजार (टियर-2 और 3 शहरों समेत) में पैठ बढ़ा रही है। इन शहरों में कंपनी वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फोनपे, अलीबाबा समर्थित पेटीएम, और गूगल पे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है।

एमेजॉन पे यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने हाल में भारत में 5 करोड़ ग्राहक जोड़े हैं। एमेजॉन पे कंपनी की महीने भर चलने वाली त्योहारी सेल ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के जरिये एमेजॉन पे यूपीआई इस्तेमाल करने वाले सभी ग्राहकों के लिए डेली रिवार्ड की पेशकश कर रही है। ये रिवार्ड पेशकश खरीदारी, बिल चुकाने, ऑनलाइन व्यवसायियों को भुगतान करने और अपने कॉन्टैक्ट को पैसा भेजने वाले सभी ग्राहकों के लिए की जा रही हैं।

ग्राहक आसानी से किसी यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन कर स्थानीय दुकानों पर भुगतान के लिए एमेजॉन ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक साल में टियर-2 और 3 शहरों से कंपनी के 75 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहकों ने एमेजॉन यूपीआई का इस्तेमाल किया।

एमेजॉन पे के मुख्य कार्याधिकारी एवं उपाध्यक्ष महेंद्र नेरुरकर ने कहा, 'एमेजॉन पे में हम कई ऐसी नई पेशकशों पर काम कर रहे हैं जो मुख्य तौर पर तीन बातों पर केंद्रित हैं। पहली, भुगतान को कैसे ज्यादा सुरक्षित, मजबूत और तेज बनाया जाए। दूसरा है रियल-टाइम केवाईसी या रियल-टाइम क्रेडिट चेक जैसे अनुभवों को आसान बनाकर ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान सविधाजनक बनाना। तीसरा, उन लोगों तक पहुंच बनाना, जो नकदी पर केंद्रित हैं और उधारी सेवा तक पहुंच उनके लिए नया अनुभव है।'

नेरुरकर ने कहा कि देश की करीब 85 प्रतिशत आबादी अभी भी नकदी में आय हासिल करती है और सिर्फ 2-3 प्रतिशत के पास ही क्रेडिट कार्ड हैं। कंपनी एमेजॉन पे लैटर के साथ अपनी उधारी सेवाएं बढ़ा रही है। कंपनी ने कहा है कि यह एक ऐसा उत्पाद है जो उपयोगकर्ताओं को समान ईएमआई के साथ अगले महीने चुकाने की अनुमति देता है। एमेजॉन पे लैटर को 20 लाख ग्राहक साइन-अप हासिल हुए हैं। अपनी पेशकश के बाद एक साल में, इस प्लेटफॉर्म ने 99.9 प्रतिशत भुगतान सफलता दर के साथ 1 करोड़ लेनदेन दर्ज किए हैं। एमेजॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को एमेजॉन पर किसी भी दुकान से खरीदारी के साथ रिवार्ड की पेशकश करता है। कंपनी ने कहा है कि यह पेशकश 20 लाख ग्राहकों तक पहुंच के साथ सबसे तेज को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के तौर पर लोकप्रिय हुई है। पिछले 9 महीनों में इसके तहत 10 लाख कार्ड जारी किए गए हैं। यह वीजा द्वारा स्वीकृत मौजूदा समय में संपर्करहित कार्ड का सबसे बड़ा एकमात्र पोर्टफोलियो है और इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। 80 प्रतिशत से ज्यादा नए ग्राहक इस कार्ड को डिजिटली तौर पर हासिल कर रहे हैं।

कंपनी ने ग्राहकों को अपने वॉलेट में कैश लोड करने में मदद के लिए अपने लॉजिस्टिक ढांचे का इस्तेमाल किया है और ग्राहकों को घर बैठे इस संबंध में सेवाएं दी जा रही हैं।

स्टार्टअप ने ऐपल की पहल का स्वागत किया

बीएस संवाददाता
नई दिल्ली, 24 अक्टूबर



भारतीय डिजिटल स्टार्टअप जगत ने ऐपल की उस पहल का स्वागत किया है कि जिसके तहत वह इन-ऐप खरीद के बाहर के उपयोगकर्ताओं से संपर्क को रोकने वाली एक धारा को हटा रही है। शनिवार को ऐपल ने धारा 3.1.3 को हटाते हुए कहा था, 'डेवलपर इन-ऐप खरीद के बाहर खरीद तरीकों का उपयोग करने के लिए ऐप के बाहर के व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं को लक्ष्य करने के लिए प्राप्त जानकारी का उपयोग नहीं कर सकते थे।'

भारत में डिजिटल स्टार्टअप के थिंक टैंक ऑल इंडिया डिजिटल फाउंडेशन (एडीआईएफ) ने इसे एक उत्साहजनक कदम करार दिया है। उसने कहा कि ऐपल द्वारा इसका इस्तेमाल डेवलपरों पर मजबूत पकड़ को बनाए रखने के लिए किया जा रहा था ताकि उनसे भारी कमीशन हासिल किया जा सके।

एडीआईएफ के कार्यकारी निदेशक सिजो कुरुविला जार्ज ने कहा, 'यह उन डेवलपर एवं स्टार्टअप समुदाय के लिए एक बड़ी जीत है जो इन दो बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा अपनी ऐपस्टोर/ प्लेस्टोर नीतियों के जरिये निषेधात्मक अथवा प्रतिस्पर्धारोधी प्रथाओं के खिलाफ खुलकर आवाज उठा रहे थे।' उन्होंने कहा, 'डेवलपरों को उनके उत्पाद और उपयोगकर्ता अनुभव विकल्प को प्रतिबंधित करने वाली प्रथाएं अब भी बरकार है। उदाहरण के लिए, ऐपल ने अभी भी वैकल्पिक भुगतान प्रणाली को सीधे अपने ऐप से जोड़ने की इजाजत नहीं दी है। जबकि ऐपल को एक निष्पक्ष मार्केटप्लेस बनाने के लिए यह आवश्यक है। सभी प्रतिबंधात्मक प्रथाओं को दूर तभी किया जा सकता है जब ऐप मार्केटप्लेस को नवाचार करने के लिए समान अवसर उपलब्ध कराया जाए।'

गूगल अपने एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ भारत के ऑपरेटिंग सिस्टम बाजार में बहुलांश हिस्सेदारी रखती है। गूगल को भी अंतिम मोर्चे के डेवलपरों के गुस्से का सामना करना पड़ा है।

TOUCHWOOD ENTERTAINMENT LIMITED
TOUCHWOOD GROUP event at its best
Regd. Off.: Plot No. 645 Near E.P.T Block, Sarojini Nagar, New Delhi -110023
CIN: L92199DL1997PLC088865 **Website:** www.touchwood.in
Contact No.: +91 9810108253

NOTICE

1. Notice is hereby given that the 24th Annual General Meeting (AGM) of Touchwood Entertainment Limited (the Company) is scheduled to be held on Wednesday, 17th November, 2021 at 3 P.M. through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM) in compliance with the relevant Circulars issued by Ministry of Corporate Affairs (the "MCA Circulars") and by the Securities and Exchange Board of India (the "SEBI Circulars") and in compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 ("the Act") and the SEBI (LODR) Regulations, 2015, without the physical presence of the Members to transact the Ordinary and Special Businesses as set out in the Notice.

   In compliance with the above circulars, electronic copies of the notice of the AGM along with Annual Report for the financial year 2020-2021 ("Annual Report") have already been emailed to all the shareholders whose email addresses are registered with the Company or with their respective Depository Participants ("Depository") and Transfer Agent, Skyline Financial Services Private Limited. The emailing of all notices has been completed on 23rd October, 2021.
2. In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and relevant provisions of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is pleased to provide its members with the remote e-voting facility to cast their vote electronically on the Resolutions mentioned in the AGM Notice using electronic voting platform provided by National Securities Depository Limited (NSDL). In case, the member is unable to cast their vote on the facility of electronic voting platform provided by NSDL, then they shall have the option to cast their vote during the AGM also. The Board has appointed Mr. Advitiya Vyas, Practicing Company Secretary, as scrutinizer for conducting the voting process in a fair and transparent manner. The members may note the following:
   a) Members holding shares as on the cut-off date i.e. 10th November, 2021 may cast their vote electronically on businesses as set out in Notice through such remote e-voting.
   b) Any person, who acquires shares and become a member of the Company after sending the Notice and holding shares as on the cutoff date i.e. 10th November, 2021 may obtain the login ID and password by sending an email to cs@touchwood.in.in by mentioning his/her folio number/DP ID and client ID number. However, if you are already registered with National Securities Depository Limited (NSDL) for e-voting, then you can use your exiting user ID and password for casting your vote.
   c) The remote e-voting period begins on 09:00 A.M., on Sunday, 14th November, 2021 and will end at 05:00 P.M. on Tuesday, 16th November, 2021 (IST). The remote e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter. The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.
   d) Any person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owner maintained by the depository as on cut-off date, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or through e-voting during the AGM.
   e) The members who have already cast their vote by remote e-voting, prior to the AGM can attend the meeting, but shall not be entitled to cast their vote again in the meeting.
   f) Members may note that the Notice of Annual General Meeting and the Annual Report for FY 2020-2021 are also available on the Company's website www.touchwood.in as well as on the website of National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com also on the website of NSDL at https://www.evoting.nsdl.com
   g) In case of any queries, you may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for members and e-voting user manual for members available at the Downloads sections of https://www.evoting.nsdl.com or contact NSDL at the following toll free no.: 1800-222-990.
   h) Members may note that in terms of the provisions of the Income-Tax Act, 1961, ("the Act") as amended by the Finance Act, 2020, dividend paid or distributed by a Company on or after 01st April, 2020 shall be taxable in the hands of the Members. The Company shall therefore be required to deduct tax at source (TDS) at the time of making the payment of dividend. In order to enable us to determine the appropriate TDS rate as applicable. Members are requested to submit the documents in accordance with the provisions of the Act. The detailed tax rates, documents required for availing the applicable tax rates are provided in the Notice of the AGM.
3. **BOOK CLOSURE:** Pursuant to Section 91 and other applicable provisions, if any of the Companies Act, 2013 and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, the register of members and share transfer books of the Company shall remain closed from Thursday, 11th November, 2021 to Wednesday, 17th November, 2021 (both days inclusive) for the purpose of 24th Annual General Meeting of the Company for the financial year 2020-2021.

Members are requested to carefully read all the Notes set out in the Notice of the AGM and in particular, instructions for joining the AGM, manner of casting vote through Remote e-voting or through e-voting during the AGM.

For Touchwood Entertainment Limited
Sd/-
Ashima Arora
Company Secretary & Compliance Officer

Place: New Delhi
Date : 25th October, 2021

आईसीआईसीआई बैंक यूके ने मूल कंपनी को लौटाई पूंजी

आईसीआईसीआई बैंक की सहायक आईसीआईसीआई बैंक यूके पीएलसी ने सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही मे भारत में अपनी मूल कंपनी को 20 करोड़ डॉलर की पूंजी वापस लौटा दी है। ब्रिटिश सहायक में यह पूंजी अतिरिक्त थी क्योंकि लोनबुक मे कमी आई है। बैंक के अधिकारी ने दूसरी तिमाही के नतीजे के बाद विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि यह रकम मूल कंपनी आईसीआईसीआई बैंक के पूंजी आधार में जुड़ जाएगी। ब्रिटिश सहायक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात सितंबर 2021 में 21.7 फीसदी था, जो सितंबर 2020 में 19.8 फीसदी रहा था। यह पहला मौका नहीं है जब बैंक को विदेशी इकाई से पूंजी वापस मिली है। मार्च 2015 में बैंक को आईसीआईसीआई बैंक कनाडा से 8 करोड़ डॉलर और आईसीआईसीआई बैंक यूके से 7.5 करोड़ डॉलर की इक्विटी पूंजी वापस मिली थी। इससे पहले मार्च 2013 में ब्रिटिश सहायक ने 10 कोड़ डॉलर की पूंजी वापस की थी। *बीएस*

चौथी तिमाही तक स्थिति सामान्य होने के आसार

कोविड-19 वैश्विक महामारी प्रेरित लॉकडाउन के कारण मूवी थिएटर क्षेत्र में हुए व्यवधान का अब अंत होने जा रहा है। देश में 1 अरब से अधिक लोगों का टीकाकरण होने और वैश्विक महामारी संबंधी पाबंदियों में ढील दिए जाने के साथ ही सिनेमा थिएटर भी अब खुलने लगे है। देश की सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स शृंखला पीवीआर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक **अजय बिजली** ने **राम प्रसाद साहू** से बातचीत में संभावित सामग्री, मांग परिदृश्य और लागत में कटौती संबंधी उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की। पेश हैं मुख्य अंश:



वैश्विक महामारी के दौरान सामग्री को पहले ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का चलन रहा है। क्या अब स्थिति सामान्य होने के साथ्थ ही सामग्री का रुख ओटीटी से मल्टीप्लेक्स की ओर होने लगा है?

जब सिनेमाघरों बंद कर दिए गए थे तो सामग्री निर्माताओं को अपनी फिल्में बेचने के लिए एक आउटलेट की तलाश थी। नेटफ्लिक्स और एमेजॉन को अपना ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए बेहतर सामग्री की जरूरत थी। जो कुछ भी हुआ उसका कारण यह था कि राजस्व सृजित करने वाला एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बंद हो गया और ऐसा न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में हुआ। इसलिए इस प्रकार के लेनदेन पर लोगों का ध्यान आकर्षित हुआ। सिनेमाघरों को फिर से खुलने के साथ ही डिज्नी और वार्नर जैसे मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज बड़े पर्दे पर अपनी वापसी कर रहे हैं। ओटीटी पर अधिक सामग्रियों का रिलीज होना एक असाधारण घटना थी। एक लंबे अंतराल के बाद सिनेमाघरों का परिचालन सुचारु होने जा रहा है और ऐसे में कुछ सामग्रियों कोओटीटी पर जबकि शेष को बड़े पर्दे पर रिलीज किए जाएंगे।

क्या फिल्मों को सिनेमाघरों में पहले रिलीज करना निर्माताओं के लिए अधिक आकर्षक है?

यह सामग्री को मुद्रीकरण यात्रा की एक गतिविधि है। मुद्रीकरण की यात्रा हमेशा सिनेमाघरों में रिलीज होने के साथ शुरू होती रही है क्योंकि उससे मात्रात्मक एवं गुणात्मक बेंचमार्क निर्धारित होता है। फिल्मों को भुनाने की यात्रा को सिनेमाघरों में रिलीज के साथ शुरू करना काफी महत्त्वपूर्ण होता है। वैश्विक महामारी से पहले दुनिया भर में बॉक्स-ऑफिस का राजस्व 42 अरब डॉलर रहता था जिसमें से 21 अरब डॉलर की रकम स्टूडियो और फिल्म निर्माताओं के पास जाती थी। अब काफी रकम टेबल पर छोड़ना पड़ता है।

संभावित सामग्रियों की स्थिति कैसी है और बॉलीवुड, हॉलीवुड एवं क्षेत्रीय फिल्मों में क्या अंतर है?

मैं संभावित सामग्रियों को लेकर काफी खुश हूं। हॉलीवुड ने सिनेमाघरों में रिलीज करना बंद कर दिया है। जेम्स बॉन्ड की मूवी नो टाइम टु डाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए 24 महीनों तक इंतजार करना पड़ा था। सूर्यवंशी और 83 करीब 18 से 24 महीनों की देरी से क्रमश: दीवाली और क्रिसमस पर रिलीज होने के लिए तैयार हैं। यश राज फिल्म्स ने खुद को बड़े पर्दे के लिए प्रतिबद्ध किया है। रजनीकांत अभिनीत फिल्म रिलीज होने के लिए तैयार है। हमारा करीब 90 फीसदी राजस्व भारतीय सामग्रियों (बॉलीवुड एवं क्षेत्रीय फिल्म) से आता है जबकि शेष 10 फीसदी राजस्व हॉलीवुड एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्मों से आता है। फिलहाल यही अनुपात जारी रहने के आसार हैं।

टिकटों की बिक्री के मोर्चे पर आप वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर कब तक लौट पाएंगे?

केवल चार राज्यों में 100 फीसदी क्षमता की अनुमति दी गई है। अधिकतर राज्यों में अभी 50 फीसदी क्षमता पर परिचालन हो रहा है। हालांकि अभी यह कहना मुश्किल है लेकिन 2021-22 की चौथी तिमाही से जिंदगी सामान्य होने के आसार हैं। लेकिन यह दो कारकों पर निर्भर करेगा- तीसरी लहर न आए और 50 फीसदी क्षमता के साथ परिचालन की पाबंदी हटा ली जाए। मांग के मोर्चे पर दक्षिण भारत में अब तक का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

सितंबर में इक्विटी फंडों के जरिये 84 फीसदी एसआईपी निवेश

चिराग मडिया
मुंबई, 24 अक्टूबर



सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) 37 लाख करोड़ रुपये वाले म्युचुअल फंड उद्योग के लिए कामयाबी के मुख्य आधार के तौर पर उभरा है। इसके जरिए निवेशक म्युचुअल फंड योजनाओं में तय अंतराल पर तय रकम निवेश करते हैं।

ऐसा देखा गया है कि एसआईपी के जरिये आने वाला ज्यादातर निवेश इक्विटी योजनाओं के जरिए निवेशित हो रहा है। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों के लिए इसे सकारात्मक माना जा रहा है क्योंकि इक्विटी प्रॉडक्ट पर उन्हें बेहतर स्प्रेड हासिल हो जाता है। उद्योग निकाय एम्फी की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि एसआईपी में हुए निवेश में इक्विटी योजनाओं की हिस्सेदारी करीब 84 फीसदी रही।

बाजार के प्रतिभागियों ने कहा कि शेयर बाजारों में काफी तेजी और इक्विटी फंडों में सृजित मजबूत रिटर्न को देखते हुए निवेशकों ने अन्य योजनाओं के मुकाबले इक्विटी योजनाओं का विकल्प चुना। सितंबर में 3.8 करोड़ सक्रिय एसआईपी इक्विटी खाते थे। इन खातों में कुल निवेश 8,670 करोड़ रुपये हासिल हुआ। सितंबर में कुल एसआईपी निवेश 10,351 करोड़ रुपये रहा।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 30 अग्रणी शहरों में 2.02 करोड़ सक्रिय खाते हैं, वहीं इन शहरों के अलावा अन्य शहरों (बी-30) में इक्विटी श्रेणी में 1.78 करोड़ सक्रिय खाते थे। निवेश के लिहाज से 30 अग्रणी शहरों ने 5.582 करोड़ रुपये का योगदान किया और बी-30 शहरों से इक्विटी योजनाओं में 3,142 करोड़ रुपये का निवेश हासिल हुआ। इस वित्त वर्ष में एसआईपी के जरिए म्युचुअल फंड उद्योग को 56,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश हासिल हुआ है।

एसबीआई एमएफ के चीफ बिजनेस अफसर डीपी सिंह ने कहा, अन्य श्रेणियों के मुकाबले इक्विटी का एसआईपी में वर्चस्व बना हुआ है। निवेशक सामान्य तौर पर डेट फंडों में एकमुश्त निवेश करना पसंद करते हैं। पिछले साल के मुकाबले हमने बाजार में काफी तेजी देखी है और निवेशकों ने एसआईपी के जरिए निवेश जारी रखा है।

पिछले महीने निवेशकों ने 26 लाख नए एसआईपी खाते खोले। एसआईपी के तहत प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां सितंबर में बढ़कर 5.44 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले साल सितंबर में 3.35 लाख करोड़ रुपये रहा था।

सेंसेक्स में काफी तेजी आई है और लार्जकैप फंडों ने औसतन 54 फीसदी रिटर्न दिया है। मिडकैप फंडों व स्मॉलकैप फंडों का औसत रिटर्न क्रमश: 74 फीसदी व 90 फीसदी रहा है। अन्य श्रेणियों में हाइब्रिड, इंडेक्स फंड और अन्य योजनाओं ने पिछले साल एसआईपी में बढ़ोतरी देखी थी। इस साल सितंबर में इंडेक्स फंडों के जरिए निवेश 243 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 98 करोड़ रुपये रहा था।

उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जो निवेशक मौजूदा मूल्यांकन से असहज महसूस कर रहे हैं वे हाइब्रिड फंडों का विकल्प चुन रहे हैं। नई पीढ़ी की तकनीकी कंपनियों के उदय से पहली बार निवेश करने वाले पैसिव जरिया चुन रहे हैं, इसी वजह से हम हाइब्रिड व इंडेक्स फंडों में बढ़ोतरी देख रहे हैं।

लेखा कारणों से घटे ग्राहक: जियो

अनीश फडणीस
मुंबई, 24 अक्टूबर



- जेफरीज ने कहा, दूसरी तिमाही के नतीजे निराशाजनक रहे, आय अनुमान में की कटौती
- कंपनी ने कहा, दूसरी तिमाही में ग्राहकों के नुकसान का कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं

रिलायंस जियो ने कहा है कि दूसरी तिमाही में 1.1 करोड़ ग्राहकों का नुकसान महज लेखांकन सुधार के कारण दिखा था और कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर उसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं रहा।

जियो हाल में खरीदे गए स्पेक्ट्रम को चालू करते हुए नए ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने की रफ्तार बढ़ाने की कोशिश कर रही है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष किरण थॉमस ने कहा कि कंपनी 2जी सेवाओं का उपयोग करने वाले ग्राहकों को लक्ष्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जियो सबसे पसंदीदा दूरसंचार सेवा प्रदाता बन गई है और उसके नेटवर्क पर पोर्ट कराने वाले ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

हालांकि जेफरीज और जेएम फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज के विश्लेषकों ने कहा कि दूसरी तिमाही में जियो को हुए ग्राहकों का नुकसान निराशाजनक रहा। जेफरीज ने दूसरी तिमाही में कमजोर प्रदर्शन के मद्देनजर वित्त वर्ष 2022-24 के लिए जियो के राजस्व, एबिटा और मुनाफा अनुमान में कटौती की है। दोनों ब्रोकरेज का मानना है कि यदि ग्राहकों की संख्या में गिरावट का रुख बरकरार रहा तो जियो अपना ग्राहक आधार सुदृढ़ करने के लिए शुल्क वृद्धि की होड़ में शामिल नहीं होगी।

जियो ने पिछली तीन तिमाहियों के दौरान 3.4 करोड़ नए ग्राहक जोड़े हैं लेकिन दूसरी तिमाही के दौरान उसके ग्राहकों की संख्या में क्रमिक आधार पर उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी ने दूसरी तिमाही के दौरान 1.1 करोड़ ग्राहकों के नुकसान के लिए कोविड-19 के प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है। दूसरी तिमाही के अंत में जियो के ग्राहकों की संख्या 42.95 करोड़ थी।

कंपनी ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान बड़ी तादाद में निचले तबके के ग्राहकों को मुफ्त सेवाओं की पेशकश की गई थी लेकिन वे समय पर रीचार्ज कराने में विफल रहे। थॉमस ने कहा, 'ऐसे ग्राहकों को 90 दिनों तक ग्राहक आधार में बरकरार रखने की हमारी नीति है। इसलिए दो तिमाही पहले रीचार्ज बंद कर चुके ग्राहकों का वास्तव में कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि ग्रहकों की संख्या में गिरावट के तौर पर उसकी झलक अब दिख रही है।'

दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए दूरसंचार कंपनियों को रीचार्ज खत्म होने के बाद 90 दिनों तक ग्राहकों को सक्रिय ग्राहक आधार में बरकरार रखा जाता है और सभी कंपनियां उसी के अनुरूप अपने आंकड़े प्रस्तुत करती हैं। हालांकि तिमाही नतीजे के मोर्चे पर एयरटेल और वोडाफोन आइडिया केवल उन्हीं ग्राहकों को रिपोर्ट करती हैं जिन्होंने पिछले 30 दिनों के भीतर रीचार्ज किया है अथवा राजस्व में योगदान किया है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
दिल्ली संस्करण

बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा.) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ. प्र. से मुद्रित एवं नेहरु हाउस, 4 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादक: कैलाश नौटियाल

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच,
पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मैं० बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा० लि० से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं